सच्ची
नमाज़
नीयत नामा 19 सूरह
दुआएगन्जुलअश
MUSHAHID
BOOK DEPOT
مشاہد بکڈپو
29A, Zakaria Street, 1st Floor, Kolkata-73
Ph.: 033 22343406/ 22354268

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

इस्लामी कलिमे

(१) कलिमए तय्यिब-

लाइला ह इल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह

لَآ اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہِ

(२) कलिमए शहादत-

अश्हदु अल्ला इला ह इल्लल्लाहु वह्दहु ला शरी क लहु व अश्हदु अन् न मुहम्मदन् अब्दु हू व रसूलु हू

اَشْهَدُ اَنْ لَّآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

(३) कलिमए तम्जीद-

सुब्हा नल्लाहि वल्हम्दु लिल्लाहि व लाइला ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर व ला हौ ल व ला कुव्व त इल्ला बिल्लाहिल अ़लीईल अ़ज़ीम

سُبْحَانَ اللّٰهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ وَلَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ
وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ

(४) कलिमए तौहीद-

ला इला ह इल्लल्लाहु वहदहू ला शरीक लहु लहुल मुल्कु व लहु ल्हम्दु युहयी व युमीतु व हु व हय्युल् ला यमूतु अब दन अबदा ज़ुल्जलालि वल्इक्रामि बि यदि हिल्खैरु व हु व अला कुल्ले शैईन् क़दीर

لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ يُحْيِيْ وَيُمِيْتُ وَهُوَ
حَيٌّ لَّا يَمُوْتُ اَبَدًا اَبَدًا ذُو الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ بِيَدِهِ الْخَيْرُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ

(५) कलिमए इस्तग़फ़ार–

अस्तग़् फ़िरूल्ला ह रब्बी मिन् कुल्लि जम्बिन् अज़् नब्तुहु अमदन् औ खता अन् सिर्रन् औ अलानि य तँव व अतूबु इलैहि मिनज़्ज़म्बिल् लज़ी आअ् लमु व मिनज़् ज़म्बिल्लज़ी ला आअ्लमु इन्न क अन् त अल्लामुल ग़ोयूबि व सत्तारूल् ओयूबि व ग़फ्फ़ारूज़् ज़ुनूबि व ला हौ ल व ला कूव्वत इल्ला बिल्लाहिल अलिई ल अज़ीम।

اَسْتَغْفِرُ اللّٰهَ رَبِّيْ مِنْ كُلِّ ذَنْبٍ اَذْنَبْتُهٗ عَمَدًا اَوْ خَطَاً سِرًّا اَوْ عَلَانِيَةً
وَّاَتُوْبُ اِلَيْهِ مِنَ الذَّنْبِ الَّذِيْٓ اَعْلَمُ وَمِنَ الذَّنْبِ الَّذِيْ لَآ اَعْلَمُ اِنَّكَ اَنْتَ
عَلَّامُ الْغُيُوْبِ وَسَتَّارُ الْعُيُوْبِ وَغَفَّارُ الذُّنُوْبِ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ

(६) कलिमए रद्दे कुफ्र-

अल्ला हुम् म इन्नी अऊज़ु बि क मिन अन् उश रि क बि क शैअवँ व अना आअलमु बिही व अस्तग़् फिरू क लिमा ला अअलमु बिही तुब्तु अन्हु व तबर्राअतु मिनल् कुफ़रि वशिशर्कि वल् किज़्बि वल् ग़ीबति वल् बिदअ़ति वन्नमीमति वल्फवाहिशि वल्बुह्तानि वल् मआ़सी कुल्लिहा व अस्लम्तु व आ मनतु व अक़ूलु ला इला ह इल्लाल्लाहु मुहम्मदुर् रसूलुल्लाह।

اَللّٰهُمَّ اِنِّيْٓ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ اَنْ اُشْرِكَ بِكَ شَيْئًا وَّاَنَا اَعْلَمُ بِهٖ وَاَسْتَغْفِرُكَ
لِمَا لَآ اَعْلَمُ بِهٖ تُبْتُ عَنْهُ وَتَبَرَّاْتُ مِنَ الْكُفْرِ وَالشِّرْكِ وَالْكِذْبِ وَالْغِيْبَةِ وَالْبِدْعَةِ
وَالنَّمِيْمَةِ وَالْفَوَاحِشِ وَالْبُهْتَانِ وَالْمَعَاصِيْ كُلِّهَا اَسْلَمْتُ وَاٰمَنْتُ وَاَقُوْلُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ
مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ

ईमाने मुजमल-

आमन्तु बिल्लाहि कमा हु व बि असमाएही व सिफ़ातिही व क़बिल्तु जमी अ अहकामिही

آمَنْتُ بِاللهِ كَمَا هُوَ بِأَسْمَائِهٖ وَصِفَاتِهٖ وَقَبِلْتُ جَمِيْعَ اَحْكَامِهٖ

ईमाने मुफस्सल-

आमन्तु बिल्लाहि व मला इ क तिही व कु तु बिही व रुसुलेही वल यौमिल आखिरे वल क़दरि ख़ैरेही व शर्रेहि मिनल्लाहि तआ़ला वल बाअसि बाअ़द्ल मौति

آمَنْتُ بِاللهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَالْقَدْرِ خَيْرِهٖ وَشَرِّهٖ مِنَ اللهِ تَعَالٰى وَالْبَعْثِ بَعْدَ الْمَوْتِ

नमाज़ों की नीयत (अर्बी और हिन्दी में)

नमाज़े फ़ज्र की दो रकअ़त सुन्नत-

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الْفَجْرِ سُنَّةَ رَسُوْلِ اللهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ फ़ज्र की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ की तरफ अल्लाहु अकबर

फ़ज्र की दो रकअत फ़र्ज़-

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الْفَجْرِ فَرْضَ اللهِ تَعَالٰى مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ फ़ज्र की फ़र्ज़ वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुहर की चार रकअत सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكْعَاتِ صَلٰوةِ الظُّهْرِ سُنَّةَ رَسُوْلِ اللهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने चार रकअ़त नमाज़ जुहर की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुहर की चार रकअत फ़र्ज

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكْعَاتِ صَلٰوةِ الظُّهْرِ فَرْضَ اللهِ تَعَالٰى مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने नमाज़ जुहर की चार रकअ़त् फ़र्ज़ वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

बाद जुहर दो रकअत सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الظُّهْرِ سُنَّةَ رَسُوْلِ اللهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ जुहर की सुन्नत रसूले पाक की फ़र्ज के बाद वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुहर की दो रकअत नफ्ल

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ النَّفْلِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ जुहर की नफल वास्ते अल्लाह तज़ाला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

अस्त्र की चार रकअत सुन्नत

नीयत की मैंने चार रकअत नमाज़े अस्त्र की सुन्नत रसूले पाक

की वास्ते अल्लाह तआला के रूख मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْعَصْرِ
سُنَّةَ رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

असर की
चार रकअत फर्ज़

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْعَصْرِ
فَرْضَ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने चार रकअत नमाज़ अस्र की फ़र्ज वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

मग़रिब की
तीन रकअत फर्ज़

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى ثَلٰثَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْمَغْرِبِ فَرْضَ
اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने तीन रकअत नमाज़ मग़रिब की फ़र्ज़ वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

मग़रिब की
दो रकअत सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الْمَغْرِبِ سُنَّةَ
رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअत नमाज़ मग़रिब की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

इशा की
चार रकअत सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْعِشَاءِ سُنَّةَ
رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने चार रकअत नमाज़ इशा की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

नमाज़े इशा
की चार रक़अत फ़र्ज़

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْعِشَاءِ
فَرْضَ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने चार रकअत नमाज़ इशा की फ़र्ज़ वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

बाद इशा
दो रकअत सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الْعِشَاءِ سُنَّةَ
رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअत नमाज़ ईशा की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

वित्र की
तीन रकअत वाजिब

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى ثَلٰثَ رَكَعَاتِ صَلٰوةِ الْوِتْرِ وَاجِبًا
لِلّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने तीन रकअत नमाज़ वित्र की वाजिब वास्ते अल्लाह तआला के रूख मेरा काअबा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

मस्जिद में दाखिल होने की दो रकअत सुन्नत-

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ دُخُوْلِ الْمَسْجِدِ
سُنَّةَ رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअत नमाज़ मस्जिद में दाख़िल होने की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआला के रूख़ मेरा

काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुम्आ से पहले की चार रकअ़त सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكْعَاتِ صَلٰوةِ قَبْلَ الْجُمُعَةِ
سُنَّةَ رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने चार रकअ़त नमाज़ जुम्आ की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुम्आ की दो रकअ़त फ़र्ज़

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ الْجُمُعَةِ فَرْضَ اللّٰهِ
مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ जुम्आ की फ़र्ज़ वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

बाद जुम्आ चार रकअ़त सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى اَرْبَعَ رَكْعَاتِ صَلٰوةِ بَعْدَ الْجُمُعَةِ
سُنَّةَ رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने बाद जुम्आ चार रकअ़त सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

जुम्आ की दो रकअ़त सुन्नत

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ بَعْدَ الْجُمُعَةِ
سُنَّةَ رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ जुम्आ की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

दो रकअ़त नमाज़ ईदुल फित्र

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ عِيْدِ الْفِطْرِ
مَعَ سِتَّةِ تَكْبِيْرَاتِ زَائِدَةٍ وَاجِبًا لِلّٰهِ تَعَالٰى
مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ ईदुल फित्र की वाज़िब जाइद ६ तकबीरों के वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

दो रकअ़त नमाज़ ईदुल अज़हा

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ عِيْدِ الْاَضْحٰى
مَعَ سِتَّةِ تَكْبِيْرَاتِ زَائِدَةٍ وَاجِبًا لِلّٰهِ تَعَالٰى
مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ ईदुल अजहा की वाजिब ज़ाइद ६ तकबीरों के वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ की तरफ अल्लाहु अकबर

दो रकअ़त नमाज़े तरावीह

نَوَيْتُ اَنْ اُصَلِّيَ لِلّٰهِ تَعَالٰى رَكْعَتَيْ صَلٰوةِ التَّرَاوِيْحِ سُنَّةَ
رَسُوْلِ اللّٰهِ مُتَوَجِّهًا اِلٰى جِهَةِ الْكَعْبَةِ الشَّرِيْفَةِ اَللّٰهُ اَكْبَرُ

नीयत की मैंने दो रकअ़त नमाज़ तरावीह की सुन्नत रसूले पाक की वास्ते अल्लाह तआ़ला के रूख़ मेरा काअ़बा शरीफ़ की तरफ़ अल्लाहु अकबर

नोट

(१) नमाज़े नफ्ल की नीयत ख्वाह जुहर की हो या मगरिब या इशा की सबकी नीयत एक ही जैसी है।
(२) फ़र्ज़ों की नीयत में اِقْتَدَيْتُ بِهٰذَا الْاِمَامِ इक त दयतु बिहाज़ल इमाम (पीछे इस इमाम के) भी कहे जबकि जमाअ़त से पढ़ता हो।

फ़ज़ाइले नमाज़

ईमान व अक़ीदा सही कर लेने के बाद मुसलमानों पर सब फ़र्ज़ों से अहम फर्ज़ और तमाम इबादतों में बड़ी इबादत नमाज़ है कुरआने पाक और अहादीसे तय्यिबा में सब से ज़्यादा इसी की ताकीद आयी है और इसके छोड़ने पर सख्त अज़ाब और शदीद वईदें वारिद हुयी हैं। ज़ैल में इस सिलसिले की चन्द हदीसें ज़िक्र की जाती हैं कि मुसलमान अपने आक़ा प्यारे मुस्तफा रसूले खुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के इर्शादात सुनें, अमल करें और दुसरों को अमल की तरगीब दें अल्लाह तआला अमल की तौफ़ीक़े रफीक़ अता फरमाए। आमीन।

(१)रसूलुल्लाह ***सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम इर्शाद फरमाते हैं कि इस्लाम की बुनियाद पाँच चीजों पर है। १. इस अम्र की शहादत देना कि अल्लाह के सिवा कोयी सच्चा माअबूद नहीं और मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम उसके रसूल हैं। २. नमाज़ क़ाएम रखना। ३. ज़कात देना। ४. हज करना। ५. और माहे रमज़ान के रोज़े रखना।*** (बुखारी शरीफ)

(२)हज़रते अबदुल्लाह बिन मसऊद रज़ियल्लाहु तआला अन्ह कहते हैं कि मैंने हुजूरे आअला सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से पूछा कि ***आमाल में अल्लाह तआला के नज़्दीक सब से ज़्यादा महबूब किया है? फरमाया! नमाज़ वक्त के अन्दर, मैंने अर्ज़ किया फिर किया? फरमाया वाल्दैन के साथ नेक सुलूक- अर्ज़ किया! फिर क्या? फरमाया! राहे खुदा में जिहाद।*** (बुखारी शरीफ)

(३)रहमतुल्लिल आलमीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने इर्शाद फरमाया! बताओ तो किसी दरवाज़े पर नहर हो और वह उसमें हर रोज़ पाँच बार गुस्ल करे-क्या उसके बदन पर मैल रह जायेगा! सहाबा ने अर्ज़ किया! उसके बदन पर कुछ बाकी न रहेगा, फरमाया! यही मिसाल पाँचों नमाज़ों की है कि अल्लाह तआला उन की सब ख़ताओ को मिटा देता है। (बुखारी शरीफ)

(४) नबीए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम जाड़े में बाहर तशरीफ ले गये पतझड़ का ज़माना था दो टहनियाँ पकड़ लीं पत्ते गिरने लगे फरमाया! ऐ अबूज़र? अर्ज किया लब्बैक या रसुलल्लाह! फरमाया मुसल्मान बन्दा अल्लाह तआला के लिये नमाज़ पढ़ता है तो उसके गुनाह ऐसे ही गिरते है जैसे इस दरख्त से पत्ते। (अबू दाऊद बहवाला मिश्कात सफ्हा ५८)

वुज़ू करने का सही तरीका

नीयत करने और बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम पढ़ने के बाद मिस्वाक इस्तेमाल की जाए। फिर गट्टों तक हाथों को पानी से मले और उंगलियों का खिलाल करे फिर बाएँ हाथ में लोटा वगैरह लेकर दाहिने हाथ पर उंगलियों की तरफ से शुरू करके गट्टे तक तीन बार पानी बहाया जाए फिर बाएँ हाथ पर उंगलियों की तरफ़ से शुरू करके गट्टे तक तीन बार पानी बहाए फिर तीन बार कुल्ली करे इस तरह कि मुँह की तमाम जड़ों और दांतों की सब खिड़कियों में पानी पहुँच जाए कि वुज़ू में इस तरह कुल्ली करना सुन्नते मुअक्किदह है और गुस्ल में फ़र्ज़ है। अगर रोज़हदार न हो तो हर कुल्ली गरगरह के साथ करे फिर नाक में अगर रींठ लगी हो तो बाँए हाथ से साफ करके सांस की मदद से तीन बार नर्म बाँसो तक पानी चढ़ाए ताकि कोयी बाल धुलने से बाक़ी न रहे फिर चेहरा पर अच्छी तरह पानी मल कर इसको तीन बार इस तरह धोए कि एक कान की लौ से दूसरे कान की लौ तक पेशानी के ऊपर कुछ सर के हिस्से से ठोड़ी के नीचे तक हर हिस्सा पर पानी बह जाए अगर दाढ़ी हो तो इस तरह खिलाल करे कि उँगलियों को गरदन की तरफ से दाखिल करे और सामने निकाले और उसके बाल और खाल पर भी पानी बहाए फिर दोनों हाथों पर पानी मल कर पहले दाहिने हाथ पर फिर बायें हाथ पर सरे नाखुन से शुरू करके निस्फ बाज़ू तक तीन मरतबा पानी बहाए फिर सिर का मसह इस तरह करे कि दोनों हाथों के अँगूठे और कलिमें की उँगलियाँ छोड़ कर बाक़ी तीन तीन उँगलियों के सरे मिलाकर पेशानी के बाल उगने की जगह

पर अगर बाल हों वरना इसकी खाल पर रक्खे और सर के उपरी हिस्से पर गद्दी तक इस तरह ले जाए कि हथेलियाँ सर से जुदा रहें फिर वहां से हथेलियों से सर के दोनों करवटों का मसह करते हुये पेशानी तक वापस लाए उसके बाद कलिमे की उंगलियों के पेट से कान के अन्दरुनी हिस्सा का मसह करे और अंगूठे के पेटसे कान के बाहरी सतह का मसह करे और उन्ही उंगलियों की पुश्त से सिर्फ गरदन का मसह करे फिर पानी से दोनों पांव मले और बाँए हाथ की छंगुलिया से इस तरह खिलाल करे कि दाहिने पाँव की छंगुलिया से शुरू करके अंगूठे पर खतम करे और बाँए पांव में अंगूठे से शुरु करके छंगुलिया पर खतम करे और दोनों पांव पर उंगलियों की तरफ से निस्फ पिण्डली तक हर बाल और हर हिस्सए खाल पर तीन तीन बार पानी बहाए।(मुकम्मल निज़ामे शरीअत)

वुज़ू के फ़राइज़

वुज़ू में ४ फर्ज़ हैं:-(१) मुँह धोना पेशानी के बालों से ठुड्डी के नीचे तक और एक कान की लौ से दूसरे कान की लौ तक;(२)दोनों हाथों को कुहनियों समेत धोना;(३)चौथाई सर का मसह करना;(४)दोनों पांव टख्नों समेत धोना।(रद्दुल मुहतार १ सफहा ९७)

वुज़ू की सुन्नतें

(१) नीयत करना;(२) बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम पढ़ना; (३) पहले दोनों हाथ गट्टों तक धोना;(४) मिस्वाक करना;(५) तीन बार कुल्ली करना इस तरह कि पानी तमाम मुँह के अन्दर हलक़ की जड़ तक पहुँच जाए; (६) तीन मरतबा नाक की तमाम नर्म जगहों में पानी पहुंचाना;(७) मुँह धोते वक्त दाढ़ी का खिलाल करना;(८) हाथ पाँव की उगलियों का खिलाल करना;(९) हर अज्व को तीन तीन बार धोना;(१०) एक बार पूरे सर का मसह करना;(११) दोनों कानों का मसह करना;(१२) तरतीब से वुज़ू करना;(१३) अज़ा को पय दर पय (लगातार) धोना;(१४) दाढ़ी के जो बाल मुँह के दायरे से नीचे हैं उनका मसह करना; (आलमगीरी व बहारे शरीअत)

वुज़ू के मुस्तहब्बात

(१) जो आअज़ा चौड़े हैं मसलन दोनों हाथ दोनों पांव तो इन में दाहिने से धोने की इब्तदा (पहल) करें मगर दोनों रुख़सार कि इन दोनों को एक ही साथ धोना चाहिये यूँही दोनों कानों का मसह एक साथ होना चाहिये;(२) उँगलियों की पीठ से गरदन का मसह करना;(३) ऊँची जगह बैठकर वुज़ू करना;(४) वुज़ू का पानी पाक जगह गिराना;(५) अपने हाथ से वुज़ू का पानी भरना;(६) दूसरे वक्त के लिये पानी भर कर रख देना;(७) ढीली अंगूठी को भी फिरा लेना;(८) साहिबे उज़्र न हो तो वक्त से पहले वुज़ू कर लेना;(९) इतमिनान से वुज़ू करना;(१०) कानों के मसह के वक्त उँगलियां कानों के सुराखों में दाखिल करना;(११) कपड़ों को टपकते हुये क़तरात से बचाना; (१२) वुज़ू का बरतन मिट्टी का होना;(१३) अगर तांबे वगैरह का हो तो क़लयी किया हुआ हो;(१४) अगर वुज़ू का बरतन लोटा हो तो बाँए तरफ रखना;(१५) हर अज़्व को धोकर उसपर हाथ फेरना ताकि क़तरे बदन पर या कपड़े पर न टपकें;(१६) हर अज़्व को धोते वक्त दिल में वुज़ू की नीयत का हाजिर रहना;(१७) हर अज़्व को धोते वक्त अलग अलग अज़्व के धोने की दुआओं को पढ़ते रहना;(१८) आज़ाए वुज़ू को बिला ज़ुरुरत पोंछ कर खुश्क न करे और अगर पोछे तो कुछ नमी बाकी रहने दे;(१९) वुज़ू करके हाथ न झटके कि यह शैतान का पंखा है;(२०) वुज़ू के बाद अगर मकरूह वक्त न हो तो दो रकअत नमाज़ पढ़ ले इसको तहियतुल्वुज़ू कहते हैं।

वुज़ू के मकरुहात

(१) वुज़ू के लिए नापाक जगह बैठना या नापाक जगह वुज़ू का पानी गिराना;(२) आज़ाए वुज़ू से लोटे वगैरह में पानी टपकाना; (३) मस्जिद के अन्दर वुज़ू करना;(४) पानी में थूकना, नाक सिनिक्ना अगर चि दरिया या हौज़ हो;(५) किब्ला की तरफ थूकना या कुल्ली करना;(६) बे ज़ुरुरत दुनिया की बातें करना;(७) ज़ुरुरत से ज़्यादा पानी ख़र्च करना;(८) इतना कम पानी ख़र्च करना कि सुन्नत अदा न

हो;(९) चेहरा पर ज़ोर से पानी मारना;(१०) एक हाथ से मुँह धोना कि यह हिन्दुओं (काफिरों) का तरीक़ा है;(११) गले का मसह करना। (१२) बाँए हाथ से कुल्ली करना या नाक में पानी डालना;(१३) दांए हाथ से नाक साफ करना;(१४) धूप के गर्म पानी से वुज़ू करना कि वह बर्स (सफेद दाग़) पैदा करता है;(१५) होंट या आँख ज़ोर से बन्द कर लेना;(१६) किसी सुन्नत को छोड़ देना। (बहारे शरीअत)

वुज़ू को तोड़नेवाली चीजें

पाखाना, पेशाब,वदी,मज़ी, मनी, कीड़ा,पथरी, जो मर्द या औरत के आगे या पीछे के मक़ाम से निकलें। मर्द या औरत के पीछे के मक़ाम से हवा का निकलना; खून या पीप या पीले पानी का बदन के किसी भी हिस्सा से निकलना और बहना, खाने या पानी या सुफ़्रा की मुँह भर क़य आना; इस तरह सो जाना कि दोनों सुरीन अपनी जगह अच्छी तरह न जमें हों; चित या पट या करवट पर लेट कर सो जाना; बेहोशी, जुनून, ग़शी और इतना नशा कि चलने में पाँव लड़खड़ाए इससे भी वुज़ू टूट जाता है; बालिग़ शख्स का रुकूअ व सुजूद वाली नमाज़ में इतनी आवाज से हँसना कि आसपास वाले सुन ले; दाँतों से इस क़दर खून निकलना कि इससे थूक का रंग सुर्ख (लाल) हो गया; दुखती हुयी आँख से पानी बहना क्यूंकि वह पानी (आँसू) नापाक है, इस तरह कान,नाक, पिस्तान वगैरह में दाना या नासूर या कोयी मर्ज़ हो उनकी वजह से जो पानी बहे इससे भी वुज़ू जाता रहता है;

मसअलह: औरत के आगे के मक़ाम से जो खालिस रतूबत बिगैर खून वाली निकलती है इससे वुज़ू नहीं टूटता अगर यह रतूबत कपड़े में लग जाए तो कपड़ा पाक है;

मसअलह: आँख में दाना था और वह फूट कर आँख के अन्दर ही फैल गया बाहर नहीं निकला या कान के अन्दर दाना टूटा और उसका पानी सुराख से बाहर नहीं निकला तो इन सूरतों में वुज़ू बाकी है;

मसअलह: बलग़म की क़य से वुज़ू नहीं टूटता जितनी भी हो।

वुज़ू के बाद की दुआ

वुज़ू के दरमियान दुरुद शरीफ पढ़ना मुस्तहब है और वुज़ू करके यह दुआ पढ़े। اَللّٰهُمَّ اجْعَلْنِيْ مِنَ التَّوَّابِيْنَ وَاجْعَلْنِيْ مِنَ الْمُتَطَهِّرِيْنَ

अल्लाहुम्मज्अल्नी मिनत्तौवाबीन वज्अल्नी मिनल मुततहहिरीन ★और कलिमए शहादत भी पढ़े।

गुस्ल का बयान

गुस्ल कहते है नहाने को मगर शरीअत में नहाने का एक खास तरीका है और वह इस तरह है कि पहले इस्तिन्जा करे फिर उसके बाद जो निजासत बदन पर लगी हो उसे धो डाले फिर वुज़ू करे इसके बाद सारे बदन पर तीन मरतबा पानी बहाए।

गुस्ल के फ़राइज़ तीन हैं

(१)कुल्ली करना;(२)नाक में पानी डालना;(३)सारे बदन पर पानी बहाना।

गुस्ल की सुन्नतें

(१)गुस्ल की नीयत करना;(२)दोनों हाथों को पहले गट्टों तक तीन बार धोना;(३)बिस्मिल्लाह पढ़ना;(४)शर्मगाह को गुस्ल से पहले धोना उस पर निजासत हो या न हो;(५) वुज़ू करना;(६)तीन मरतबा सर और तमाम बदन पर पानी बहाना;(७)क़िब्ला की तरफ मुँह न करना;(८)तमाम बदन पर पानी मल लेना ताकि हर जगह पानी अच्छी तरह पहुंच जाए;(९)ऐसी जगह नहाना जहां कोई न देखे;(१०) पानी में कमी या ज़्यादती न करना;(११) औरतों को बैठ कर नहाना; (११)नहाते वक्त कोई बात न करना;(१२) कोई दुआ न पढ़ना;

गुस्ल का तरीक़ा

पहले दोनों हाथ गट्टे तक धोए उसके बाद फिर जहाँ निजासत लगी हो धोए फिर इस्तिन्जा की जगह धोए और बिस्मिल्लाह पढ़ कर वुज़ू करे, कुल्ली के साथ गरारह भी करे लेकिन अगर रोजे से हो तो गरारह न करे सिर्फ कुल्ली करे नाक में नरम बांसे तक पानी ले जाये, फिर वुज़ू के बाद तमाम बदन पर थोड़ा पानी डाल कर तेल की तरह चुपड़ ले और

पहले दाहिने मूढ़े पर फिर बाए मूढ़े पर तीन बार पानी बहाए इसके बाद तमाम बदन पर तीन बार पानी बहाए और बदन खूब मले ताकि कोयी जगह पानी पहुंचने से बाकी न रह जाए। खुली हुयी जगह पर नंगा न नहाए मर्द को नाफ से घुटने तक और औरत को गले से टखने तक छुपाना फ़र्ज है और गुस्लखाने वगैरह में हो और जरुरत हो तो न छुपाने में कोई हरज नहीं औरत के बाल अगर गुंधे हों लेकिन जड़ों तक पानी पहुंच सकता है तो खलोने की जरूरत नहीं वरना खोलना जुरूरी है अगर ज़ेवर वगैरह पहनी हो तो उसको फिरा कर सुराख में पानी को बहाए अगर मर्द के बाल औरत की तरह लम्बे हों और वह चोटी या जूड़ा बाँधे हो तो बालों को खोल कर जड़ों तक पानी पहुंचाना जरुरी है बगैर इसके गुस्ल सही नहीं होगा। (गुलज़ारे शरीअ़त)

तयम्मुम का बयान

वुज़ू और गुस्ल के लिए जब पानी न मिल सके या पानी नुकसान करे तो पाक मिट्टी पर पंजों समीत हथेली मार कर चेहरा और तमाम हाथों पर फेर लेना तयम्मुम कहलाता है।

तयम्मुम का तरीका

तयम्मुम में नीयत फ़र्ज है यानी नीयत करे कि नापाकी दूर करने के लिए या नमाज़ पढ़ने के लिए तयम्मुम करता हूं :- नीयत के बाद दोनों हाथों को पाक मिट्टी पर मारे फिर हाथ झाड़कर तमाम मुँह पर मले और जितना हिस्सा मुँह का वुज़ू में धोया जाता है उतने हिस्सा पर हाथ पहुँचाए फिर दुबारा मिट्टी पर हाथ मार कर हाथों को कुहनियों तक मले और उँगलियों का खिलाल भी करे वुज़ू और गुस्ल के तयम्मुम में कोई फ़र्क नहीं है और जितनी पाकी वुज़ू और गुस्ल से होती है उतनी है तयम्मुम से भी होती है।

अज़ान व अक़ामत

फ़र्ज नमाजों से पहले अज़ान देना सुन्नते मुअक्किदह है और शुआ़रे इस्लाम में दाखिल है जो शख्स अज़ान दे उसे चाहिए कि ऊँची जगह क़िब्ला की तरफ रूख करके खड़ा हो और कलिमा

की दोनों उँगलियों को कानों के दोनों सुराखों में डाल कर बुलन्द आवाज़ से अज़ान कहे अज़ान के बाद जमाअत से पहले अक़ामत (तकबीर) कही जाती है अकामत बिलकुल अज़ान की तरह है सिर्फ चन्द बातों का फ़र्क है :(१) अक़ामत में हय्य अलस्सलात और हय्य अलल फलाह के बाद क़द का म तिस्सलात दो बार कहे (२)अक़ामत अज़ान के मुकाबिले में जरा पस्त आवाज़ से कहे (३)अक़ामत कहते वक्त कानों के सुराखों में उँगलियां डालने की जुरुरत नहीं (४) अक़ामत मस्जिद के अन्दर कहे :-

तम्बीह : (१)अक़ामत में हय्य अलस्सलात और हय्य अलल फलाह कहते वक्त दाहिने बाए मुँह न करे(२)इमाम और मुक्तदी हय्य अलस्सलात या हय्य अलल् फ़लाह के वक्त खड़े हों :-

अज़ान का तरीक़ा

मस्जिद के बाहरी हिस्से में किसी ऊँची जगह पर किब्ला की तरफ मुँह करके खड़ा हो और कानों के सुराखों में कलिमा की उंगलियाँ डाल कर बुलन्द आवाज़ से *अल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर* اَللّٰهُ اَكْبَرُ اَللّٰهُ اَكْبَرُ कहे फिर जरा ठहर कर *अल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर* اَللّٰهُ اَكْبَرُ اَللّٰهُ اَكْبَرُ कहे फिर जरा ठहर कर दो बार *अश्हदु अल्ला इला ह इल्लल्लाह* اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ कहे फिर जरा ठहर कर दो बार *अश्हदु अन्-न मुहम्मदर रसूलुल्लाह* اَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُوْلُ اللّٰهِ कहे फिर दाहिनी तरफ मुँह फेर कर दो बार *हय्य अलस् सलात* حَيَّ عَلَى الصَّلٰوةِ कहे फिर बाँयी तरफ मुँह करके दो बार *हय्य अलल् फलाह* حَيَّ عَلَى الْفَلَاحِ कहे फिर किब्ला की तरफ मुँह करे और एक बार *अल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर* اَللّٰهُ اَكْبَرُ اَللّٰهُ اَكْبَرُ कहे फिर एक बार *ला इला ह इल्लल्लाह* لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ कहे।

फज्र की अज़ान में *हय्य अलल् फलाह* के बाद दो बार *अस्लातु खैरुम् मिनन् नौम* भी कहे। अज़ान के बाद

अज़ान के बाद की दुआ

दुरूद शरीफ पढ़े फिर अज़ान कहने वाला और अज़ान सुनने वाले सभी यह दुआ पढ़ें।

अल्लाहुम्म सल्ले अला सय्यिदिना मुहम्मदिवँ व आलेही वसल्लिम। अल्लाहुम्म रब्ब हाज़िहिद दअवतित्ताम्मति वस्सलातिल क़ाए मति आति सय्यिदिना मुहम्मदनिल वसी ल त वल् फ़दील त वद् द र जतर्रफी अ त वब अस्हु मक़ाममं महमू दनिल् लज़ी व अत्तहू वरज़ुक़्ना शफ़ा अ तहू यौमल क़िया मति इन्न क ला तुख़्लिफुल मीआद

اللهم صل على سيدنا محمد وآله وسلم اللهم رب هذه الدعوة التامة والصلوة القائمة آت محمد الوسيلة والفضيلة والدرجة الرفيعة وابعثه مقاما محمودا الذى وعدته وارزقنا شفاعته يوم القيمة انك لا تخلف الميعاد

नमाज़ के फ़राइज़

नमाज़ में १२ फ़र्ज हैं जिनमें से चन्द ऐसे हैं जिन का नमाज़ से पहले होना ज़ुरुरी है और उनको नमाज़ के खार्ज़ी फराइज़ और शराइते नमाज़ भी कहा जाता है और चन्द फराइज़ वह हैं जो दाखिले नमाज़ हैं सबकी फिहरिस्त यह है :-

शराइते नमाज़

(१)तिहारत यानी बदन और कपड़ों का पाक होना(२)सतरे औरत यानी मर्दो को नाफ से घुटनों तक और औरतों को चहरे और हथेलियों और कदमों के अलावा तमाम बदन का ढाँकना फ़र्ज है(३)नमाज़ का वक्त होना(४)किब्ला की तरफ रुख होना(५)नमाज़ की नीयत करना :-

फराइज़े नमाज़

(१)तकबीरे तहरीमा(२)क़याम यानी खड़ा होना(३)किरअत

यानी एक बड़ी आयत या तीन छोटी आयतें या एक छोटी सूरत पढ़ना(४)रुकूअ करना(५)सिज्दा करना(६)काअ़दए अखिरह (७)अपने इरादे से नमाज़ खत्म करना :-
अगर इनमें से कोई चीज़ भी जानकर या भूल कर रह जाए तो सिज्दए सह्व करने से भी नमाज़ न होगी बल्कि दुबारा पढ़ना ज़ुरुरी होगा :-

वाजिबाते नमाज़

जैल की चीज़े नमाज़ में वाजिब हैं :-

- तहरीमा में लफ्ज़े अकबर कहना;
- अलहम्द पढ़ना और इसके साथ कोई सूरत मिलाना;
- फ़र्ज़ की पहली दो रकअतों में किरअत करना;
- अलहम्दु को सूरत से पहले पढ़ना;
- रुकूअ करके सीधा खड़ा होना;
- दोनों सिज्दों के दरमियान बैठना;
- पहला काअ़दह करना;
- पहले काअ़दह में अत्तहियात के बाद कुछ न पढ़ना;
- हर काअदह में अत्तहियात का पढ़ना;
- लफ्ज़े अस्सलाम आखिर में २ बार कहना
- जुहर व अस्र में किरअत आहिस्ता आहिस्ता पढ़ना;
- इमाम के लिये मग़रिब व इशा की पहली दो रकअतों और फ़ज्र व जुम्आ व इदैन और तरावीह की सब रकअतों में बुलन्द आवाज़ से किरअत करना;
- वित्र में दुआए कुनूत का पढ़ना;
- इदैन में ६ तकबीरें ज़्यादा कहना;

वाजिबात में से अगर कोई वाजिब भूल कर छूट जाए तो सिज्दए सह्व से नमाज़ हो जायेगी अगर कसदन किसी वाजिब को छोड़ दिया तो दुबारा नमाज़ पढ़ना वाजिब है सिज्दए सह्व से भी काम न चलेगा।

नमाज़ की सुन्नतें

- तकबीरे तहरीमा के लए हाथ उठाना;
- हाथों की उँगलियाँ अपने हाल पर रखना;
- तकबीर के बाद फौरन हाथ बाँध लेना;
- पहले **सुब्हा न क** फिर **अऊ जु बिल्लाह** और **बिस्मिल्लाह पढ़ना**;
- अलहम्द के खतम पर **आमीन** आहिस्ता से कहना;
- रुकूअ में घुटनों पर हाथ रखना और उँगलियां न फैलाना;
- रुकूअ में कम से कम

तीन बार ***सुब्हा न रब्बियल अज़ीम*** कहना; ❁ रुकूअ में जाने के लिए ***अल्लाहु अकबर*** कहना; ❁ रुकूअ में सिर्फ इस कदर झुकना कि हाथ घुटनों तक पहुँच जाए; ❁ रुकूअ से उठते वक्त ***समिअल्लाहु लिमन हमिदह*** कहना सज्दे के लिए और सज्दे से उठने के लिए ***अल्लाहु अकबर*** कहना; ❁ सज्दे में हाथ ज़मीन पर रखना; ❁ कम से कम तीन बार ***सुब्हा न रब्बियल आला*** कहना; ❁ सज्दे में जाने के लिए ज़मीन पर पहले दोनों घुटने एक साथ रखना फिर हाथ, फिर नाक, फिर पेशानी और सज्दे से उठते वक्त इसके उल्टा करे यानी पहले पेशानी उठाए फिर नाक फिर हाथ फिर घुटने; ❁ दोनों सज्दों के दरमियान मिस्ले तशहहुद के बैठना; ❁ दुसरी रकअत के लिए पंजो के बल घुटनो पर हाथ रख कर उठना; दुसरी रकअत के सज्दों से फ़ारिग होकर बायाँ पाँव बिछा कर दाहिना खड़ा करके बैठना और औरत के लिए दोनों पाँव दाहिनी जानिब निकाल कर बाँए सुरीन पर बैठना; ❁ दाहिना हाथ दाहिनी रान पर रखना और बायाँ बायीं पर; ❁ उँगलियों को अपने हाल पर छोड़ना और उनके किनारे घुटनों के पास होना; ❁ शहादत पर इशारा करना; ❁ तशह्हुद के बाद काअदए अखीरह में दुरुद शरीफ पढ़ना; ❁ दुरुद शरीफ के बाद अर्बी में दुआ करना और बेहतर वह दुआएँ हैं जो हदीसों से मंकूल हैं; ❁ ***अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाह*** दो बार कहना पहले दाहिनी तरफ फिर बायीं तरफ; ❁ जुहर, मग़रिब और इशा के बाद मुख्तसर दुआ करके सुन्नतों के लिये खड़ा हो जाना वरना सुन्नतों का सवाब कम हो जाएगा; (दुर्रे मुख्तार, आलमगीरी वगैरह)

नमाज़ के मुस्तहब्बात

❁ क़याम की हालत में सज्दा की जगह नज़र रखना; ❁ रुकूअ में पाँव की पीठ की तरफ, सज्दह में नाक की तरफ और काअदह में गोद की तरफ नज़र रखना- ❁ पहले सलाम में दाहने शाने की तरफ दुसरे में बाँए तरफ नज़र रखना; ❁ जमायी आए तो मुँह बन्द किये रहना अगर न रुके तो होंट दाँत के नीचे दबाए और इससे भी न रुके तो क़याम में दाहिने हाथ की पुश्त

से मुँह ढाँक ले और क़याम में न हो तो बाँए हाथ की पुश्त से और बिला जुरुरत हाथ या कपड़े से मुँह ढांकना मकरुह है; ❁ तहरीमा के वक्त हाथ कपड़े से बाहर निकालना, औरत के लिये तक्बीरे तहरीमा के वक्त हाथ कपड़े के अन्दर रखना; ❁ जहाँ तक बन पड़े खाँसी को रोकना; ❁ क़याम की हालत में दोनों पंजों के दरमियान चार अंगुल का फास्ला होना;

मकरुहाते नमाज़

यह चीज़ें नमाज़ में मकरुह है :-
❁कोख पर हाथ रखना; ❁आस्तीन से बाहर हाथ निकाले रखना; ★कपड़े समेटना; ❁जिस्म के कपड़े से खेलना; ❁ उगलियाँ चटखाना; ❁ दाँए बाँए गरदन मोड़ना; ❁मर्द को जूड़ा गूँध कर नमाज़ पढ़ना; अंगड़ाई लेना; ❁ कुत्ते की तरह बैठना; ❁ मर्द को सज्दे में हाथ जमीन पर बिछाना; ❁सज्दे में मर्दों के लिये पेट रानों से मिलाना; ❁बिगैर उज्र के चार ज़ानू (आल्ती पाल्ती) बैठना; ❁इमाम का मेहराब के अन्दर खड़ा होना; ❁कंकरियां हटाना मगर जबकि जुरूरी हो तो एक बार जाइज़ है; ❁सामने या सर पर तस्वीर होना; ❁तस्वीर वाले कपड़े में नमाज़ पढ़ना; ❁कन्धें पर चादर या कोई कपड़ा लटकाना; ❁पेशाब, पाखाना या ज़्यादा भूक का तक़ाज़ा होते हुये नमाज़ पढ़ना; ❁सर खोल कर नमाज़ में खड़ा होना; ❁आँखे बन्द करके नमाज़ पढ़ना; ❁उँगलियाँ चटखाना या कैंची बाँधना; ❁कमर पर हाथ रखना; ❁धात या चैन वाली घड़ी पहन कर नमाज़ पढ़ना; ❁ फासिके मोअ़लिन के पीछे नमाज़ पढ़ना मस्लन जो बिला उज्र जमाअ़त या नमाज़ तर्क करता हो उसके पीछे नमाज़ मकरूह है;

मुफ़्सिदाते नमाज़

इन चीजों के करने से नमाज़ फासिद हो जाती है :-
❁बात करना खाह थोड़ी हो या बहुत कस्दन या भूल कर; ❁ जबान से सलाम करना या सलाम का जवाब देना; ❁छींकने वाले के जवाब में यर ह मुकल्लाह कहना; ❁रंज की खबर सुन कर इन्ना

लिल्लाहि व इन्ना एलैहि राजिऊन पूरा या थोड़ा सा पढ़ना या अच्छी खबर सुन कर अलहम्दु लिल्लाह कहना या अजीब चीज सुनकर सुबहानल्लाह कहना; दु:ख तकलीफ़ की वजह से आह, ओह या उफ़ करना; अपने इमाम के सिवा किसी दुसरे को लकमा देना; कुरआन शरीफ देख कर पढ़ना; किरअत में ऐसी ग़लती करना जिससे नमाज़ फासिद हो जाती है (जिसकी तफ्सील बड़ी किताबों में लिखी है) अमले कसीर मस्लन ऐसा काम करना जिसे देखने वाला गुमान करे कि यह शख्स नमाज़ नहीं पढ़ रहा है मस्लन दोनों हाथों से काम करना; कस्दन या भूल कर कुछ खाना पीना; सीना किब्ला से फिर जाना; दर्द या मुसीबत की वजह से इस तरह रोना कि आवाज़ में हुरूफ़ निकल जाए; नमाज़ में हँसना; इमाम से आगे बढ़ जाना; (तिरमीज़ी)

जमाअत व इमामत का बयान

जमाअत की बड़ी ताकीद आई है और इसका सवाब बहुत ज़्यादा है यहाँ तक कि बे जमाअत की नमाज़ से जमाअत वाली नमाज़ का सवाब २७ गुना है। (मिश्कात जिल्द १ सफ्हा ९५)

मसअलह: मर्दो को जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ना वाजिब है बिला उज्र एक बार भी जमाअत छोड़ने वाला गुनहगार और सज़ा के लाइक है और जमाअत छोड़ने की आदत डालने वाला फासिक़ है जिसकी गवाही कुबूल नहीं की जायेगी; (रूद्दुल मुहतार)

मसअलह: जुम्आ व इदैन में जमाअत शर्त है यानी बगैर जमाअत यह नमाज़ें होंगी ही नहीं, तरावीह में जमाअत सुन्नते किफाया है यानी मुहल्ला के कुछ लोगों ने जमाअत से पढ़ी तो सबके ज़िम्मा से जमाअत छोड़ने की बुराई जाती रही और अगर सब ने जमाअत छोड़ दी तो सबने बुरा किया रमज़ान शरीफ में वित्र को ज़माअत से पढ़ना मुस्तहब है इसके अलावा सुन्नतों और नफ्लों में जमाअत मकरूह है; (रूद्दुल मुहतार जिल्द १ सफ्हा ३७१)

मसअलह: अकेला मुक्तदी मर्द अगरचे लड़का हो इमाम के

बराबर दाहिनी तरफ खड़ा हो बाँए तरफ या पीछे खड़ा होना मकरूह है दो मुक्तदी हों तो पीछे खड़े हों इमाम के बराबर खड़ा होना मकरूहे तन्ज़ीही है दो से ज़्यादा का इमाम के बगल में खड़ा होना मकरूहे तहरीमी है। (दुर्रे मुख्तार जिल्द १ सफ्हा ३९१)

मसअलह: पहली सफ में और इमाम के करीब खड़ा होना अफ़ज़ल है लेकिन जनाज़ा में पिछली सफ अफ़ज़ल है; (दुर्रे मुख्तार सफ्हा ३८३)

मसअलह: इमाम होने का सबसे ज़्यादा हक़दार वह शख्स है जो नमाज़ व तिहारत वगैरह के अहकाम सबसे ज़्यादा जानता हो फिर वह शख्स जो किरअत का इल्म ज़्यादा रखता हो अगर कई शख्स इन बातों में बराबर हों तो वह शख्स ज़्यादा हक़दार है जो ज़्यादा मुत्तकी हो अगर इस में भी बराबर हों तो ज़्यादा उम्र वाला फिर जिसके अख्लाक़ ज़्यादा अच्छे हों फिर ज़्यादा तहज्जुदगुज़ार ग़र्ज़ कि चन्द आदमी बराबर दर्जे के हों तो उनमें जो शरयी हैसियत से फौक़ियत रखता हो वही ज़्यादा हक़दार है;

मसअलह: फ़ासिके मोअलिन जैसे शराबी, ज़िनाकार-जुवाड़ी, सुदखोर, दाढ़ी मुड़ाने वाला या कटाकर एक मुश्त से कम रखने वाला इन लोगों को इमाम बनाना गुनाह है और इन लोगों के पीछे नमाज़ मकरूहे तहरीमी है और नमाज़ को दुहराना वाजिब है;

मसअलह: कादियानी, राफ्ज़ी, खार्जी, वहाबी और दूसरे तमाम बद मज़हबों के पीछे नमाज़ पढ़ना नाजाइज व गुनाह है अगर ग़लती से पढ़ली तो फिर से पढ़े अगर दुबारा नहीं पढ़ेगा तो गुनहगार होगा;

किरअत का बयान

क़िरअत यानी कुरआन शरीफ पढ़ने में इतनी आवाज़ होनी चाहिए कि अगर बहरा न हो और शोर व गुल न हो तो खुद अपनी आवाज़ सुन सके अगर इतनी आवाज़ भी न हुई तो किरअत नहीं हुई और नमाज़ न होगी। (दुर्रे मुख्तार जिल्द १ सफ्हा ३५९)

मसअलह: फज्र में और मग़रिब व ईशा की पहली दो रकअतों में और जुम्आ व ईदैन व तरावीह और रमज़ान की वित्र में इमाम पर जहर के साथ किरअत करना वाजिब है और मग़रिब की

तीसरी रकअत में और इशा की तीसरी और चौथी रकअत में और जुहर व अस्र की सब रकअतों में आहिस्ता पढ़ना वाजिब है :

मसअलह : जहरी नमाजों में अकेले को इख्तियार है चाहे ज़ोर से पढ़े चाहे आहिस्ता मगर जोर से पढ़ना अफ़जल है: (दुर्रे मुख्तार सफ्हा ३५८)

मसअलह : कुरआन शरीफ उलटा पढ़ना मकरूहे तहरीमी है मसलन यह कि पहली रकअत में कुल हु वल्लाह और दुसरी में तब्बत यदा पढ़ना : (दुर्रे मुख्तार सफ्हा ३६८)

मसअलह : दरमियान से एक छोटी सूरह छोड़कर पढ़ना मकरूह है जैसे पहली में कुल हुवल्लाह और दुसरी में कुल अऊ जु बिराब्बिन्नास पढ़ी और दरमियान में सिर्फ एक सूरह कुल अऊजु बिरब्बिल फ़लक़ छोड़ दी लेकिन हाँ अगर दरमियान की सूरह पहले से बड़ी हो तो दरमियान में एक सूरह छोड़कर पढ़ सकता है।

सज्दए सहव

जो चीज़ें नमाज़ में वाजिब हैं अगर उनमें से कोई वाजिब भूल से छूट जाए तो उसकी कमी पूरी करने के लये सज्दए सहव वाजिब है और इसका तरीक़ा यह है कि नमाज़ के आख़िर में अत्तहियात पढ़ने के बाद दाहनी तरफ सलाम फेरने के बाद दो सज्दा करे और फिर अत्तिहयात और दुरुद शरीफ और दआ पढ़ कर दोनों तरफ सलाम फेर दे :-

अगर कसदन किसी वाजिब को छोड़ दिया तो सज्दए सहव काफी नहीं बल्कि नमाज़ को दुहराना वाजिब है : (दुर्रे मुख्तार)

मसअलह : एक नमाज़ में अगर भूल से कई वाजिब छूट गए तो एक बार वही दो सज्दए सहव के सबके लिए काफी हैं चन्द बार सज्दए सहव की जुरुरत नहीं। (दुर्रे मुख्तार सफ्हा ४९७)

मसअलह : पहले कअ़दह में अत्तहियात पढ़ने के बाद तीसरी रकअत के लये खड़े होने में इतनी देर लगा दी कि अल्लाहुम्म सल्ले अ़ला मुहम्मदिन पढ़ सके तो सज्दए सहव वाजिब है चाहे कुछ पढ़े या खामोश रहे दोनों सूरतों में सज्दए सहव वाजिब है

इसिलये ध्यान रखे कि पहले क़अदह में अत्तिहयात खत्म होते ही फौरन तीसरी रक़अत के लिए खड़ा हो जाए।

नमाज़ पढ़ने का सही तरीका

नमाज़ पढ़ने का तरीक़ा यह है कि बा वज़ू क़िब्लारु दोनों पांव के पंजो में चार अंगुल का फासिला करके खड़ा हो और दोनों हाथ कान तक ले जाए कि अंगूठे कान की लौ से छू जाएँ इस हाल में कि हथेलियाँ किब्लारुख हों फिर नीयत करके अल्लाहु अकबर ٱللَّٰهُ أَكْبَرُ कहता हुआ हाथ नीचे लाकर नाफ के नीचे बाँध ले और सना पढ़े।

सुब्हानकाअल्लाहुम्म व बि हम् दिक व तबारकस्मुक व तआला जद्दुक व लाइलाह गैरुक

سُبْحٰنَكَ اللّٰهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالٰى جَدُّكَ وَلَآ اِلٰهَ غَيْرُكَ

इसके बाद **अऊजुबिल्लाहि मिनश्शैतानिर्रजीम** اَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ फिर **बिस्मिल्लाहि रहमानिर्रहीम** بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ पढ़कर अलहम्द शरीफ (सूरह फ़ातिहा) पढ़े जब सुरए फ़ातिहा खत्म हो जाये तो आहिस्ता से आमीन कहें फिर इसके बाद **बिस्मिल्लाहिर रहमानिर्रहीम** पढ़ कर कोयी सुरह या कुरआन मजीद की कम से कम एक बड़ी या तीन छोटी आयतें पढ़ें।

अब **अल्लाहु अकबर** कहता हुआ रुकूअ में जाए और घुटनों को हाथ से पकड़ ले इस तरह कि हथेलियाँ घुटने पर हों उँगलियाँ खूब फैली हों पीठ बिछी हो और सर पीठ के बराबर हो ऊँचा नीचा न हो और कम से कम तीन बार **सुब्हान रब्बियल अज़ीम**

سُبْحٰنَ رَبِّیَ الْعَظِیْمِ कहे फिर **समीअल्लाहुलिमन हमीदह**
سَمِعَ اللّٰهُ لِمَنْ حَمِدَهٗ कहता हुआ सीधा खड़ा हो जाए और अकेले
नमाज़ पढ़ता हो तो इसके बाद **रब्बनालकलहम्द** رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ
कहे फिर **अल्लाहुअकबर** कहता हुआ सज्दा में जाए इस तरह कि पहले घुटने ज़मीन पर रक्खे फिर हाथ फिर दोनों हाथों के बीच में नाक फिर पेशानी रक्खे इस तरह कि पेशानी और नाक की हड्डी ज़मीन पर जम जाए और बाज़ुओं को करवटों और पेट को रानों और रानों को पिन्डलियों से जुदा (अलग) रक्खे और दोनों पांव की सब उगलियों के पेट क़िब्लारु जमे हों और हथेलियाँ बिछी हों और उगलियाँ क़िब्ला को हों और कम से कम तीन बार **सुब्हानरब्बियल आअ्ला** سُبْحٰنَ رَبِّیَ الْاَعْلٰی कहे फिर सर उठाए फिर हाथ और दाहिना क़दम खड़ा करके इसकी उगलियां क़िब्ला रुख करे और बायां क़दम बिछा कर उसपर खूब सीधा बैठ जाए और हथेलियाँ बिछा कर रानों पर घुटनों के पास रक्खे फिर अल्लाहु अकबर कहता हुआ सज्दा में जाए और पहले की तरह सज्दा करके फिर सर उठाए फिर हाथ को घुटनों पर रखकर पंजों के बल खड़ा हो जाए अब सिर्फ **बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम** पढ़कर किरअत शुरु करे फिर पहले की तरह रुकुअ, सज्दा करके बायां कदम बिछा कर बैठ जाए और तशह्हुद पढ़े

अत्तहिय्यातु लिल्लाहि वस्सलवा तु वत्तैय्यिबातु ० अस्सलामु अलैक अय्युहन्नबीयु व रहमतुल्लाहि व बरका तुहू अस्सलामु अलैना व अला इबा दिल्लाहिस्सालिहीन ० अश्हदु अल्ला इलाह इल्लल्लाहु व अश्हदु अन्-न मुहम्मदन् अब्दुहू व रसूलुहू

اَلتَّحِیَّاتُ لِلّٰهِ وَالصَّلَوٰتُ وَالطَّیِّبٰتُ اَلسَّلَامُ عَلَیْكَ اَیُّهَا النَّبِیُّ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُهٗ اَلسَّلَامُ عَلَیْنَا وَعَلٰی عِبَادِ اللّٰهِ الصّٰلِحِیْنَ اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

तशह्हुद पढ़ते हुये जब कलिमा **ला** के करीब पहुँचे तो दाहिने हाथ की बीच की उगली और अंगूठे का हल्का बनाए और छंगुलिया और उसके पास वाली को हथेली से मिला दे और लफ़्ज़े **ला** पर कलिमा की उगली उठाए मगर इधर उधर न हिलाये और कलिमए **इल्ला** पर गिरा दे और सब उगलियाँ फौरन सीधी कर ले अब अगर दो से ज्यादा रकअतें पढ़नी हैं तो उठ खड़ा हो और उसी तरह पढ़े मगर फ़र्ज़ों की उन रकअतों में **अलहम्दु** के साथ **सूरह** मिलाना ज़ुरुरी नहीं अब पिछला क़ाअदह जिसके बाद नमाज़ खतम करेंगे उसमें तशह्हुद के बाद **दुरुद शरीफ** पढ़े-

अल्लाहुम्मा सल्ले अला सैय्यिदिना मुहम्मदिं व अला आले सैय्यिदिना मुहम्मदिन् कमा सल्लै त अला सैय्यिदिना इब्राही म व अला आले सैय्यिदना इब्राही म इन्न क हमीदुम् मजीद ० अल्लाहुम्म बारिक अला सैय्यिदिना मुहम्मदिवँ व अला आले सैय्यिदिना मुहम्मदिन् कमा बारक् त अला सैय्यिदिना इब्राही म व अला आले सैय्यिदिना इब्राही म इन्न क हमी दुम्मजीद

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ كَمَا صَلَّیْتَ عَلٰی سَیِّدِنَا اِبْرَاهِیْمَ وَعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا اِبْرَاهِیْمَ اِنَّكَ حَمِیْدٌ مَّجِیْدٌ اَللّٰهُمَّ بَارِكْ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ كَمَا بَارَكْتَ عَلٰی سَیِّدِنَا اِبْرَاهِیْمَ وَعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا اِبْرَاهِیْمَ اِنَّكَ حَمِیْدٌ مَّجِیْدٌ

फिर दुआए मासूरह पढ़े:

अल्लाहुम्म इन्नी ज़लमतु नफसी ज़ुल्मन कसीरँव व ला यग़फिरुज़् ज़ुनूब इल्ला अन्त फ़ग़फिरली मग़फिरतम् मिन् इनदिक वर्हमनी इन्न क अन्तल गफूरुर्रहीम ०

इसके बाद पहले दाहिने कन्धे की तरफ मुँह करके **अस्सलामु**

अलैकुम व रहमतुल्लाहि السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللهِ कहे फिर बाँये कन्धे की तरफ मुँह करके सलाम कहे। अब नमाज़ पूरी हो गयी। सलाम करने के वक्त यह ख्याल करें कि मैं फरिशतों को सलाम कर रहा हूँ। अब हाथ उठाकर जो जी चाहे अल्लाह से दुआ मांगे और दुआ खत्म करने के बाद दोनों हाथ मुँह पर फेर ले।

जरूरी याददास्त फर्ज़ नमाज़ की तीसरी और चौथी रकअत में अल्हम्दु के बाद सूरत नहीं पढ़ी जाती। सिर्फ अल्हम्दु पढ़कर रुकू और सजदह कर ले और आखरी रकअत के बाद बैठकर अत्तहियात पढ़े और इसके बाद *दुरूद शरीफ* और दुआ पढ़ कर सलाम फेरे और हाथ उठाकर दुआ मांगे।

सलाम फेर कर इमाम दायें या बायें तरफ मुँह कर ले इसलिए कि सलाम के बाद मुक्तदियों की तरफ पीठ करके बैठना मक्रूह है। फ़र्ज़ नमाज़ के बाद खास तौर से दुआ कुबूल होती है। सलाम फेर कर अल्लाह तआला से दीनी व दुनयावी हाजात और जरूरतों के लिये दुआ करे।

नमाज़ के बाद की दुआऐं व अज़कार

इस्तग़फार-

अस्तग़फिरुल्लाह रब्बी मिन् कुल्ले जम्बिवँ व अतूबु इलैहि इसके बाद जो दुआ चाहे पढ़े।

अल्ला हुम्म अन्तस्सलामु व मिन्कस्सलामु व इलै-क-यरजिउस्सलामु फहैय्यिना रब्बना बिस्सिल्लामि व अद् खिल्ना दारस्सलामि तबारक्त रब्बना व तआलै त या ज़लजलालि वल् इक्रामि

اَللّٰهُمَّ اَنْتَ السَّلَامُ وَمِنْكَ السَّلَامُ وَاِلَيْكَ يَرْجِعُ

السَّلَامُ فَحَيِّنَا رَبَّنَا بِالسَّلَامِ وَاَدْخِلْنَا دَارَ السَّلَامِ

وَتَبَارَكْتَ رَبَّنَا وَتَعَالَيْتَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ

जिन फ़र्जों के बाद सुन्नतें पढ़नी हैं उन फ़र्ज़ों के बाद मुख्तसर सी दुआ करे जैसा कि ऊपर दुआ लिखी गयी फिर जल्दी सुन्नतें पढ़े वरना सुन्नतों का सवाँब कम हो जायेगा और बाकी अज़कार व वजाईफ सुन्नतों के बाद पढ़े और जिन फ़र्जों के बाद सुन्नतें नहीं उन के बाद यह अज़कार भी हैं।

अज़कार:- हर नमाज़ के बाद ३३ बार **सुब्हानल्लाहि...** سُبْحَانَ اللهِ ३३ बार ***अल्हम्दु लिल्लाहि*** اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ ३४ बार ***अल्लाहु अकबर*** اَللهُ اَكْبَرُ पढ़े-

आयतुल्कुर्सी- फ़र्ज़ नमाज़ो के बाद आयतुल्कुर्सी पढ़ने की बड़ी फज़ीलत है इसको भी पढ़े।

अल्लाहु लाइला हु इल्ला हुवल हय्युल क़य्यूमु ० ला ता खुज़ुहू सि न तुव व ला नौम ० लहू मफिस्समावा ति व माफिल अर्दी मन ज़ल्लज़ी यश् फ़ अो इन् द हू इल्ला बि इज़्निहि यअ ल मु मा बै न अयदीहिम व मा खल् फ़ हुम वला युहीतू न बिशयइम मिन इल्मिही इल्ला बिमा शा अ व सि अ कुर्सियुहुस्समावाति वल अर्द ० वला य ऊ दु हू हिफ़्ज़ुहुमा व हुवल अलीयुल अज़ीम ०

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ لَهٗ مَا فِي

السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَشْفَعُ عِنْدَهٗ اِلَّا بِاِذْنِهٖ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ

اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ وَلَا يُحِيْطُوْنَ بِشَيْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖ اِلَّا بِمَا شَآءَ وَسِعَ

كُرْسِيُّهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَلَا يَئُوْدُهٗ حِفْظُهُمَا وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ

नमाज़े वित्र

नमाज़े वित्र वाजिब है। अगर यह छूट जाये तो इसकी कज़ा लाजिम है। इसका वक्त ईशा की फर्ज़ के बाद से सुब्हे सादिक तक है। बेहतर यह है कि आखिर रात में तहज्जुद के साथ पढ़ी जाये लेकिन जिसको खौफ हो कि उठ नहीं सकेगा वह ईशा की नमाज़ के साथ सोने से पहले पढ़ ले। इसकी तीन रकअतें हैं। दो रकअत पढ़कर क़ाअदह किया जाये और तशह्हुद पढ़कर खड़ा हो जाये। तीसरी रक़अत में *बिस्मिल्लाह*, *सुरह फातिहा* और *सूरत* पढ़कर दोनों हाथ कानों तक उठाये और *अल्लाहुअकबर* कहता हुआ हाथ बाँध ले और *दुआए कुनूत* आहिस्ता पढ़े कि यह वाजिब है।

दुआए कुनूत

अल्लाहुम्म इन्ना नस त इ नु क व नस्तग़्फ़िरु क व नुअ् मिनु बि क व न त वक्कलु अलै क व नुस्नी अलैकल ख़ैर व नशकुरु क वला नक्फुरु क व नख़ ल ओ व नतरुकु मंय्यफजुरु क ० अल्लाहुम्म ईय्या क नअबुदु व ल क नुसल्ली व नस्जुदु व इलै क नसआ व नहफिदु व नरजु रह म त क व नख्शा अजा ब क इन्न अज़ा ब क बिल कुफ्फारि मुल् हिक०

اَللّٰهُمَّ اِنَّا نَسْتَعِيْنُكَ وَنَسْتَغْفِرُكَ وَنُؤْمِنُ بِكَ وَ
نَتَوَكَّلُ عَلَيْكَ وَنُثْنِيْ عَلَيْكَ الْخَيْرَ وَنَشْكُرُكَ وَلَا
نَكْفُرُكَ وَنَخْلَعُ وَنَتْرُكُ مَنْ يَّفْجُرُكَ اَللّٰهُمَّ اِيَّاكَ
نَعْبُدُ وَلَكَ نُصَلِّيْ وَنَسْجُدُ وَاِلَيْكَ نَسْعٰى وَنَحْفِدُ وَنَرْجُوْ
رَحْمَتَكَ وَنَخْشٰى عَذَابَكَ اِنَّ عَذَابَكَ بِالْكُفَّارِ مُلْحِقٌ

अगर दुआए कुनूत याद न हो तो यह दुआ पढ़े

रब्बना आतिना फिद् दुनिया ह स न तवँ व फिल आख़ि र ति ह स न तवँ व क़िना अज़ाबन्नार०

رَبَّنَآ اٰتِنَا فِى الدُّنْيَا حَسَنَةً وَّفِى الْاٰخِرَةِ حَسَنَةً وَّقِنَا عَذَابَ النَّارِ

अगर यह भी याद न हो तो तीन बार यह पढ़े अल्लाहुम्मग्फिर लना० नमाज़े वित्र पढ़ने के बाद तीन बार यह पढ़े सुब्हानल् मलिकिल्कुद्दुस

मसअला: अगर दुआए कुनुत पढ़ना भूल गया या किसी को दुआए कुनूत याद न हो और रुकूअ में चला गया तो वापस न लौटे बल्कि सज्दए सह्व कर लें।

मसअला: भूल कर पहली या दूसरी रक़अत में दुआए कुनूत पढ़ ली तो तीसरी में फिर पढ़े।

औरतों की नमाज़

औरतें तकबीरे तहरीमा के वक्त कानों तक हाथ न उठायें बल्कि मूढ़े तक उठायें। हाथ नाफ के नीचे न बाँधें बल्कि बायीं हथेली सीना पर छाती के नीचे रखकर उसकी पीठ पर दाहिनी हथेली रक्खें, रुकुअ में ज्यादा न झुकें बल्कि थोड़ा झुकें यानी सिर्फ इस कद्र झुकें कि हाथ घुटनों तक पहुंच जाए पीठ सीधी न करें और घुटनों पर जोर न दें बल्कि महज हाथ रख दें और हाथों की उँगलियां मिली हुयी रक्खें और पांव कुछ झुका हुआ रक्खें। मर्दों की तरह खूब सीधा न कर दें। औरतें सिमट कर सज्दा करें यानी बाज़ू करवटों से मिलादें और पेट रानों से और रान पिण्डलियाँ से और पिंडलियाँ जमीन से और काअदह में बाँए कदम पर न बैठें बल्कि दोनों पांव दाहिनी तरफ निकाल दें और बायीं सुरीन पर बैठें। औरतें भी खड़ी हो कर नमाज पढ़ें। बहुत सी औरतें फ़र्ज़ और वाजिब व सुन्नत सारी नमाज़ें बैठकर पढ़ती हैं यह बिल्कुल गलत तरीका है, नफ्ल के सिवा कोई नमाज़ भी बिला उज्र के बैठ कर पढ़नी जाइज़ नहीं। फ़र्ज और वाजिब जितनी नमाजें बिगैर *उज्रे शरई* बैठ कर पढ़

चुकी हैं उनकी क़जा करें और तौबा करें। औरत मर्द की इमामत हरगिज नहीं कर सकती और सिर्फ औरतें जमाअत करें यह मकरूहे तहरीमी और नाजाइज है। औरतों पर जुम्आ और इदैन की नमाज वाजिब नहीं। पंज वक्ता नमाज़ों के लिए भी मस्जिद में जाना मना है।

१९ सूरह

सूरए फातिहा : बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम

अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आलमी न ० अर्रहमानिर रहीमि ० मालि कि यौमिद्दीनि ० ईय्या क नअबुदु व ईय्या क नस्तइनु ० इहदिनस्सिरातल मुस्तक़ी म ० सिरातल्लज़ी न अनअम् त अलैहिम ० गैरिल मग़दूबि अलैहिम व लद्दाल्लीन० (आमीन)

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَلۡحَمۡدُ لِلّٰہِ رَبِّ الۡعٰلَمِیۡنَ ۙ﴿۱﴾ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ ۙ﴿۲﴾ مٰلِکِ یَوۡمِ الدِّیۡنِ ؕ﴿۳﴾ اِیَّاکَ نَعۡبُدُ وَ اِیَّاکَ نَسۡتَعِیۡنُ ؕ﴿۴﴾ اِہۡدِ نَا الصِّرَاطَ الۡمُسۡتَقِیۡمَ ۙ﴿۵﴾ صِرَاطَ الَّذِیۡنَ اَنۡعَمۡتَ عَلَیۡہِمۡ ۬ۙ غَیۡرِ الۡمَغۡضُوۡبِ عَلَیۡہِمۡ وَ لَا الضَّآلِّیۡنَ ٪﴿۷﴾

सूरए इन्शिराह : बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम

अलम् नशरह ल-क सद्रक ० व वदअ्ना अन् -क विज़रक ० ल्लज़ी अन्-क-द ज़हरक ० व रफ़अ्ना ल-क जिक्रक ० फ़-इन्-न मअल् ऊस्रि युस्रा ० इन्-न मअल् ऊसरि युस्रा० फ़ इज़ा फ़रग़्-त फ़न्सब ० व इला रब्बि-क फ़रग़ब०

اَلَمۡ نَشۡرَحۡ لَکَ صَدۡرَکَ ۙ﴿۱﴾ وَ وَضَعۡنَا عَنۡکَ وِزۡرَکَ ۙ﴿۲﴾ الَّذِیۡۤ اَنۡقَضَ ظَہۡرَکَ ۙ﴿۳﴾ وَ رَفَعۡنَا لَکَ ذِکۡرَکَ ؕ﴿۴﴾ فَاِنَّ مَعَ الۡعُسۡرِ یُسۡرًا ۙ﴿۵﴾ اِنَّ مَعَ الۡعُسۡرِ یُسۡرًا ؕ﴿۶﴾ فَاِذَا فَرَغۡتَ فَانۡصَبۡ ۙ﴿۷﴾ وَ اِلٰی رَبِّکَ فَارۡغَبۡ ٪﴿۸﴾

सूरए कद्र : बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम

इन्ना अन्-ज़ल्-नाहु फ़ी लैलतिल् कद्रि० व मा अद्-रा-क मा लैलतुल् कदिर० लैलतुल कद्रि खैरुम् मिन् अल्फ़ि शहरिन् तनज़्ज़लुल्-मलाइकतु वर-रूहु फीहा बिइज्नि रब्बिहिम मिन् कुल्लि अम् रिन् ० सलामुन् हि-य-हत्ता मत्लइल फ़ज्रि०

اِنَّاۤ اَنۡزَلۡنٰہُ فِیۡ لَیۡلَۃِ الۡقَدۡرِ ۚ﴿ۖ۱﴾ وَ مَاۤ اَدۡرٰىکَ مَا لَیۡلَۃُ الۡقَدۡرِ ؕ﴿۲﴾ لَیۡلَۃُ الۡقَدۡرِ ۬ۙ خَیۡرٌ مِّنۡ اَلۡفِ شَہۡرٍ ؕ﴿ؔ۳﴾ تَنَزَّلُ الۡمَلٰٓئِکَۃُ وَ الرُّوۡحُ فِیۡہَا بِاِذۡنِ رَبِّہِمۡ ۚ مِنۡ کُلِّ اَمۡرٍ ۛ﴿ۙ۴﴾ سَلٰمٌ ۟ۛ ہِیَ حَتّٰی مَطۡلَعِ الۡفَجۡرِ ٪﴿۵﴾

सूरए ज़िलज़ाल : बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम

